'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 12 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए वीरवार, 28 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी भाजपा की गुरुग्राम में हुई तीन मैराथन बैठकें

**लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, चुनाव समिति और प्रमुख नेताओं के साथ हुई बैठकों में बड़े मार्जिन से चुनाव जीतने की रणनीति पर हुआ मंथन**

**हरियाणा 10 के 10 कमल जीतकर भेजेगा प्रधानमंत्री मोदी के पास : नायब सैनी**

**चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर भी बैठक में रहे उपस्थित**

**बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ भी किया मंथन**



समाचार गेट ब्यूरो

नई दिल्ली/गुरुग्राम। लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की तैयारियों में भाजपा जुटी हुई है। इसी कड़ी में बुधवार को गुरुग्राम पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा ने एक के बाद एक तीन महत्वपूर्ण बैठकें कर लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की रणनीति पर मंथन किया। आज की बैठक में हरियाणा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया उपस्थित रहे। प्रभारी मिलने के बाद सतीश पूनिया की हरियाणा के भाजपा नेताओं के साथ यह पहली बैठक रही।

मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सांसद सुभाष बराला, सह संयोजक असीम गोयल, भूपेश्वर दयाल, संजय भाटिया आदि तमाम नेता इन बैठकों में शामिल हुए। बैठक में चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी व्यापक चर्चा हुई। आला नेताओं की उपस्थिति में प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारियां तय की गई।

लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में अब तक हुए कार्यों के विषय में भी बातचीत की गई और जानकारी चुनाव प्रभारी के सामने रखी गई। चुनाव प्रभारी डा. सतीश पुनिया ने अपनी इस पहली बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि भाजपा हरियाणा में दसों लोकसभा सीटें जीत रही है, लेकिन हमें इस जीत को ऐतिहासिक बनाना है। इसलिए सभी पदाधिकारियों को ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए और अधिक मेहनत करनी है। चुनाव से संबंधित सभी विषयों पर चर्चा करते हुए चुनाव प्रभारी ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव अपनी तरफ से भी दिए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य सभी नेताओं और पदाधिकारियों ने इन बैठकों में चुनाव से संबंधित अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पूरी तरह समर्पण के साथ हर बूथ को जीतने में जुटा हुआ है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हम निश्चित ही सभी 10 लोकसभा सीटें को बड़े मार्जिन से जीतकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों और नेताओं से कहा कि जनता नरेंद्र मोदी के कार्यों से खुश हैं और जनता तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की ठान चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता एक-एक मतदाता तक पहुंचे और डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताएं। नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा का माहौल है और लोग मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हैं। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रही है और देश की जनता नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जता रही है, इसलिए तीसरी बार भी मोदी सरकार और 400 पार के संकल्प के साथ ही पार्टी के हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ना है।

चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने भी बैठक में अपनी बातें रखी और बताया कि भाजपा एतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए किस तरह आगे बढ़ रही है। उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने दायित्व के अनुसार अपने-अपने काम की जानकारी बैठक में दी।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा की सभी दसों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की यह पहली बैठक रही। इससे पहले रोहतक में भी भाजपा चुनाव प्रबंधन की अनेक बैठकें हो चुकी है।

## सभी जिला निर्वाचन अधिकारी पोलिंग स्टेशनो के निरीक्षण का कार्य कल तक करें पूराः अनुराग अग्रवाल

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक से अधिक करे जागरूक**



समाचार गेट ब्यूरो

चण्डीगढ़। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित जिलों के पोलिंग स्टेशनो के निरीक्षण का कार्य कल तक पुरा कर लिया जाए। इसके अलावा, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से अधिक से अधिक जागरूक करने का काम भी करें। मुख्य निवार्चन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने यह निर्देश आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए।

श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने संबंधित जिलों में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। इसके स्थापित होने से काफी फायदा मिलेगा। इसके अलावा, हर पोलिंग स्टेशन के बाहर कैमरे लगाए जाएं ताकि पोलिंग स्टेशनों की निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, हर पोलिंग स्टेशन के बाहर टोल फ्री नम्बर 1950, सीईओ और डीईओ कार्यालयों के टेलीफोन नम्बर लगाएं जाएं ताकि यदि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तुरंत उसकी सूचना प्रशासन को दे सकें। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा, युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही मतदान करने के बाद क्यूआर कोड को स्केन करके फोटो अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करें।

श्री अनुराग अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए ईसीआई और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई वीडियो को स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से दिखाया जाए और ऑडियो को एफएम के माध्यम से प्रसारित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सम्बंधित जिलों के सचिवालयों, सरकारी बिल्डिंग, न्यायालय काम्पलेक्स की लिफ्टों के पास जागरूकता मतदान स्टीकर लगाया जाए। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप पर 16 मार्च से अब तक 454 शिकायतें दर्ज की गई है, जिनमें से 329 सही पाई गई और इसमें से 147 शिकायतो का समाधान भी किया जा चुका है। उन्होंनें अधिकारियो को यह निर्देश भी दिए कि आने वाली शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर निपटान किया जाए। इसके अलावा, फार्म 6 से सम्बंधित शेष कार्य को 26 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन जिलों से जिला चुनाव प्रबंध प्लान की हार्ड कॉपी निवार्चन आयोग में जमा नहीं करवाई वह तुरंत प्लान की कॉपी जमा करवा दे। इसके अलावा, मतगणना केंद्रों का शत प्रतिशत फिजीकल वेरीफीकेशन कर ईसीआई को प्रस्ताव भेजा जाए।

# कांग्रेस नेता चुनाव के लिए पहले कहा करते थे, मैं लड़ूंगा, मैं लड़ूंगा अब कांग्रेस की डूबती नैया को देखते हुए कहते हैं तू लड़, तूं लड़ : अनिल विज

**भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को कहा है कि मैं चुनाव लड़ना नहीं चाहता, आप लड़ो- अनिल विज**

**भद्दी टिप्पणी करना कोई नई बात नहीं है क्योंकि यह तो कांग्रेस की संस्कृति ही है - विज**



समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि कांग्रेस नेता चुनाव के लिए पहले कहा करते थे, मैं लड़ूंगा, मैं लड़ूंगा अब कांग्रेस की डूबती नैया को देखते हुए कहते हैं तू लड़, तू लड़, इसलिए आज भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को कहा है कि मैं चुनाव लड़ना नहीं चाहता, आप लड़ो। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों को जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सैलजा व रणदीप सुरजेवाला को लोकसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी है और खुद न लड़ने की इच्छा जताई है। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी में ये कहा जाता था कि मै लड़ूगा चुनाव अब उसमें कहा जा रहा है कि तू लड़ चुनाव, इससे पता लगता है कि कांग्रेकी नैया डूब रही है और ये नेता कितना भयभीत है।

कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर की टिप्पणी को लेकर विज ने कहा कि सुप्रिया श्रीनेत कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भाजपा की मंडी (हिमाचल प्रदेश) से प्रत्याशी कंगना रनौत पर भद्दी टिप्पणी करना कोई नई बात नहीं है क्योंकि यह तो कांग्रेस की संस्कृति ही है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1998 में प्रकाशित अपनी पुस्तक द इनसाइडर के पेज 767 पर भी इस प्रकार का जिक्र किया था।

**जब आदमी बदहवास हो जाता है, हौसला खो देता है,डूबने लगता है, तब वो इसी तरह से बातें करता है - विज**

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने एक ब्यान मे कहा है कि मोदी मोदी का नारा लगाने वालो को थप्पड़ मारो, इस पर भड़कते हुए विज ने कहा कि जब आदमी बदहवास हो जाता है, हौसला खो देता है,डूबने लगता है, तब वो इसी तरह से बातें करता है। विज ने कहा कि इनको शर्म आनी चाहिए और कांग्रेस के बड़े नेताओ को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

**जिसका अपना भविष्य न बना हो और वो दुसरो के भविष्य बनाने की बात करता है - विज**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक ब्यान में कहा है कि कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा युवाओं को भटकाना चाहती है, इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा कि जिसका अपना भविष्य न बना हो और वो दुसरो के भविष्य बनाने की बात करता है। ये तो हास्यपद लगता है वो पहले अपना भविष्य देख ले।

# पृथला विधानसभा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन 31 को

## निमंत्रण देने गांव-गांव पहुंचे बिजेंद्र नेहरा, लोग बोले हम आपके साथ हैं!















समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा ने पृथला विधानसभा में कार्यालय उद्घाटन के लिए गाँव-गाँव जाकर निमंत्रण दिया। एक दिन में ही नेहरा ने गाँव मलेरना, जाजरू, पृथला, दुधौला, बघोला, ककड़ीपुर, फतेहपुर बिल्लौच, डीग आदि गाँवों में जाकर सरपंचों के निवास एवं गाँवो के प्रमुख लोगो के निवास पर जाकर कार्यालय उद्घाटन का निमंत्रण दिया। बिजेन्द्र नेहरा को सभी गाँवो से भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। इसी कड़ी में जब नेहरा मलेरना गांव में पहुंचे तो सभी बिरादरी के बुजुर्ग एवं समाजसेवियों ने बड़े हर्ष के साथ उनका स्वागत किया, एवं कार्यालय के उद्घाटन में पहुँचने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि भाजपा के कद्दावर नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए 31 मार्च का दिन चुना है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा एवं केबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा उपस्थित रहेंगे।

जैसा की विदित है बिजेंद्र नेहरा पिछले लम्बे समय से भाजपा के सांगठनिक राजनीती में सक्रिय हैं और पृथला विधानसभा क्षेत्र से है, जानकारी के लिए बता दें की प्रदेश प्रवक्ता के तौर पर बिजेंद्र नेहरा ने भाजपा को मजबूत करने का कार्य किया है।

पिछले दिनों बिजेंद्र नेहरा को विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। बिजेंद्र नेहरा पृथला विधानसभा के गाँव सागरपुर से आते हैं और पृथला विधानसभा में इस कार्यालय के उद्घाटन से कयास लगाए जा रहे हैं की बिजेंद्र नेहरा को आने वाले दिनों में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। इस मौके पर राव तुलाराम सरपंच, अनिल शर्मा, प्रताप शर्मा, सुरजीत यादव, कुमरपाल शर्मा, प्रकाशचंद अध्यक्ष करन समाज, मंहत राजेन्द्र, सुनील यादव, नरेश यादव, रामपाल यादव, बिजेंद्र बाल्मिक, सुनील यादव, बच्चू नेहरा, बबलू नेहरा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# 22 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सिटी बल्लभगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र की टीम ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अर्पण है जो बिहार के सोहना गांव का रहने वाला है और सिटी बल्लभगढ़ थाना एरिया में रहता था। सिटी बल्लभगढ़ थाने में कल दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें 22 वर्षीय पीड़ित लड़की ने बताया कि वह एक अस्पताल में फैसिलिटी डिपार्टमेंट में नौकरी करती है। सबसे पहले लड़की की दोस्ती आरोपी अर्पण के साले सौरभ के साथ हुई थी। सौरभ ने पीड़ित लड़की को अपने जीजा अर्पण के घर पर रहने के लिए कहा था जहां सौरभ की पत्नी और उसके 2 बच्चे भी रहते थे। इस प्रकार लड़की अर्पण की घर रहने



लगी। अगस्त 2023 में सौरभ की मृत्यु हो गई इसके पश्चात सौरभ की बहन बिहार चली गई और सौरभ का जीजा अर्पण पीड़िता के साथ अकेला रहने लगा।

अर्पण ने लड़की को अपने प्यार के जाल में फंसा लिया और उसके साथ कई बार अवैध संबंध स्थापित किए। आरोपी पहले से शादीशुदा था और लड़की से दूसरी शादी करने का दबाव बनाने लगा और धमकी देने लगा कि यदि उसने शादी नहीं की तो वह सुसाइड कर लेगा और सुसाइड नोट लिखकर लड़की को फसा देगा। इसके बाद लड़की अपने घर चली गई परंतु आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके पश्चात पीड़ित लड़की ने तंग आकर थाने में शिकायत दी जिसके आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# प्रदेश के मुख्य इलेक्टोरल अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने दिए वीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश



**कहा, मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, रैम्प सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं करवाए सुनिश्चित**

**भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जारी किए निर्देश**

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के मुख्य इलेक्टोरल अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिजली, पानी, रैम्प सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। मुख्य इलेक्टोरल अधिकारी अनुराग अग्रवाल आज बुधवार को दोपहर बाद वीसी के जरिये भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान केंद्रों सहित 18वीं लोकसभा चुनाव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दे रहे थे।

वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं के लिए बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों पर मतदाताओं व पोलिंग अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने बारे दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मतदान में सहायता प्रदान करने वाले स्वयंसेवकों के लिए भी विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हरियाणा चुनाव आयुक्त को जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव खर्च, एमसीएमसी कमेटी, मतदान केन्द्रों पर तमाम मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ 1500 मतदाताओं से अधिक मतदान केन्द्रों अतिरिक्त मतदान केन्द्रों के लिए प्रपोजल भिजवाने सहित अतिरिक्त मैन पावर लगाने और वैब कार्सटिंग कार्य अति आवश्यक है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गर्मियों के दौरान, प्रत्येक मतदान दल को उनके स्वयं के उपयोग के साथ-साथ लू के कारण इसकी आवश्यकता वाले किसी भी मतदाता के लिए ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) की आपूर्ति की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लू लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें पर एक हैंड-बिल तैयार किया जाए और प्रत्येक मतदान दलों को दिया जाए। वहीं मतदाताओं से खुद को निर्जलीकरण से बचाने के लिए गीले तौलिए ले जाने की अपील जारी की गई है और महिला मतदाताओं को गर्म मौसम की स्थिति के दौरान बच्चों को अपने साथ मतदान केंद्रों पर लाने से बचने की भी सलाह दी गई है। वहीं मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों के कार्यालयों से पैरामेडिकल स्टाफ की सेवाओं को भी मतदान केंद्र पर लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं की कतार का प्रबंधन करने के लिए एनसीसी/एनएसएस/स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों को तैनात करें, जोकि मतदाता सूची शामिल ना हो। इसके अलावा पहचाने गए दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में स्वयंसेवकों द्वारा सहायता की जानी चाहिए और यदि आवश्यक हो तो व्हीलचेयर प्रदान की जानी चाहिए।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए किए गए प्रबंध:

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदाताओं द्वारा सक्षम-ईसीआई ऐप पर पंजीकरण करके व्हीलचेयर सुविधा के लिए अनुरोध कर सकते हैं। स्वयंसेवक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार तक मार्गदर्शन करेंगे। मतदान केंद्र के अंदर, ऐसे दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कर्मचारियों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। स्वयंसेवकों की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। बैठक में एडीसी आनन्द शर्मा, डीसीपी सैन्ट्रल जसलीन कौर, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, नगर निगम के अतिरिक्त कमीशनर गौरव अनतिल, एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अनतिल, सीटीएम अंकित कुमार, एसीईओ गौरी मिड्डा, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर सतीश ने सूरदास चौक पर वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरुक करते हुए वितरित किए रेट्रो रिफ्लेक्टर

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व डीसीपी ट्रैफिक उषा देवी के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर सतीश ने सूरदास चौक, सेक्टर 28/29 पर वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरुक किया है। इस अवसर पर 50 से अधिक वाहन चालक मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस इंसपेक्टर सतीश कुमार व उनकी टीम द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि सड़क पर यात्रा करते समय हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क पर यात्रा करते समय छोटी सी गलती बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। जब भी वाहन लेकर घर से बाहर निकले तो मोटरसाइकिल पर



आईएसआई मार्का हेलमेट पहने तथा गाड़ी में यात्रा करते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। फोन का प्रयोग ना करें। नशा करके गाड़ी में चलाएं और अपनी लेन में ही यात्रा करें। सड़क पर किसी भी तरफ मुड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर या अन्य नशा करके वाहन नही चलाना चाहिए। कोई भी दुर्घटना होने की परिस्थिती में हमें तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना देनी चाहिए। ताकि समय रहते एम्बलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को हस्पताल पंहुचाया जा सके और घायल व्यक्ति की जान बचाइ जा सके। यातायात नियमों के प्रति हमें अपने जानकार, साथी व आस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के बारे मे जागरूक करना होगा। ताकि समाज के सभी लोग जागरूक हो सकें और यातायात नियमों की पालना कर सकें। जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर सभी वाहन चालकों को लाल रंग की रेट्रो रिफलेक्टर टेप वितरित की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के तहत ही यात्रा करने की शपथ दिलाई गई।

# आसियान देशों में भारतीय तट रक्षक जहाज समुद्र पहरेदार फिलीपींस की मनीला खाड़ी पहुंचा

समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक जहाज, जो एक विशेष प्रदूषण नियंत्रण जहाज है, ने फिलीपींस की मनीला खाड़ी में अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी की। इस यात्रा का उद्देश्य आईसीजी समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रदर्शन करना और फिलीपींस तट रक्षक (पीसीजी) के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाना था। यह भारतीय तट रक्षक की तीसरी तैनाती है, और इससे पहले यह जहाज वर्ष 2023 में कंबोडिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और इंडोनेशिया की यात्रा की थी।




अपनी तैनाती के दौरान इस जहाज का मनीला (फिलीपींस), हो ची मिन्ह (वियतनाम) और मुआरा (ब्रुनेई) में बंदरगाह निरीक्षण करने का कार्यक्रम निर्धारित है। यह जहाज विशेष समुद्री प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों और प्रदूषण प्रतिक्रिया कनफिग्यरेशन के लिए एक चेतक हेलीकॉप्टर की तैनाती से सुसज्जित है, इसे समुद्र में तेल को फैलने से रोकने, उसे एकत्र करने तथा ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भ्रमण वाले बंदरगाहों पर प्रदूषण प्रतिक्रिया प्रशिक्षण और विभिन्न उपकरणों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके अलावा इस जहाज में सरकार की पहल पुनीत सागर अभियान में भाग लेने और साझेदार देशों के साथ तालमेल में एक अंतरराष्ट्रीय पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 25 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों को भी शामिल किया गया है। विदेशी आदान-प्रदान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एनसीसी कैडेट, आईसीजी जहाज के कर्मियों, भागीदार एजेंसियों के कर्मियों, भारतीय दूतावास/मिशन कर्मचारियों तथा स्थानीय युवा संगठनों के साथ समन्वय में जहाज के बंदरगाह भ्रमण के दौरान समुद्र तटों की सफाई और इसी तरह की अन्य गतिविधियों में शामिल होंगे।

यह यात्रा फिलीपीन तट रक्षक, वियतनाम तट रक्षक और ब्रुनेई समुद्री एजेंसियों सहित प्रमुख समुद्री एजेंसियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में भी उल्लेखनीय महत्व रखती है। भारतीय तटरक्षक ने फिलीपींस और वियतनाम के तट रक्षकों के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने तथा समुद्री सुरक्षा और संरक्षा के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस क्षेत्र में सुरक्षा, संरक्षा और समुद्री पर्यावरण को सुनिश्चित करने के लिए ये संबंध पिछले कुछ वर्षों के दौरान विकसित हुए हैं। इस यात्रा की कार्य सूची में पेशेवर आदान-प्रदान, क्रॉस-डेक यात्राएं, संयुक्त अभ्यास के साथ-साथ क्षमता निर्माण सुविधाओं तक यात्रा सहित आधिकारिक और सामाजिक गतिविधियां शामिल हैं।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने रचाई शादी?

समाचार गेट/भावना कौशिश

**मुबंई।** तापसी पन्नू की गुपचुप शादी की खबरों के बाद अब एक और फिल्मी कपल की शादी की चर्चा हो रही है। खबर है कि बॉलीवुड के सितारे सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने गुपचुप शादी रचा ली है। मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों ने श्री रंगानायकस्वामी मंदिर में शादी रचाई है। अब फैन्स दोनों की शादी की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**2021 में साथ आए थे नजर**

बता दें कि अदिति और सिद्धार्थ ने साल 2021 में आई तेलुगू तमिल फिल्म महा समुद्रम में साथ काम किया था। अदिति और सिद्धार्थ कई



फिल्मी इवेंट में साथ नजर आ चुके हैं। इतना ही नहीं दोनों वकेशन के लिए साथ ट्रैवल करते पाए गए हैं। वहीं दोनों कई सोशल मीडिया रील्स में भी साथ दिखे हैं। कपल को हमेशा ही अपने फैन्स से खूब सारा अटेंशन मिला करता है।

**अदिति और सिद्धार्थ दोनों हैं तलाकशुदा**

बता दें कि अदिति की पहली शादी साल 2009 में सत्यदीप मिश्रा से हुई थी और फिर साल 2013 में दोनों अलग हो गए। वहीं सिद्धार्थ की भी ये दूसरी शादी होगी। साल 2003 में सिद्धार्थ की पहली शादी हुई थी और 2007 में उनका तलाक हो गया।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# दिमाग को रिलैक्स रखने के लिए करें योगासन



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** हमारी बेजिम्मेदार जिंदगी का दौर न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहा है। लोगों के बीच तनाव की स्तिथि भी अधिक हो रही है, जिससे न केवल दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कुछ योगासन , जो आपके दिमाग को शांत कर सकते हैं।

**ओंकार साधना**

ओंकार साधना में ओम के जाप का ध्यान किया जाता है और यह योग क्रिया दिमाग को शांत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसे करने से मन को सुकून भी मिलता है। इसे करने के लिए सबसे पहले आसन में बैठकर ओम का जाप करें। फिर कुछ देर मन में ओम का जाप करें।

**सेतुबंधासन**

सेतुबंधासन को ब्रिज पोज भी कहा जाता है।यह शरीर के साथ-साथ दिमाग के लिए भी फायदेमंद है। इस योगासन से दिन की शुरुआत करने के साथ आप दिनभर एक्टिव महसूस करेंगे। इसे करने के लिए मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। इसके बाद पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए दोनों पैरों पर वेट डालें, साथ ही हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं। इस आसन को कुछ सेकंड के लिए करें।

**अनुलोम-विलोम**

अनुलोम-विलोम श्वास तकनीक पर किए जाने वाला प्राणायाम है। यह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए प्रभावकारी है। इसे करने के लिए नाक के एक छिद्र से सांस लेकर दूसरे से छोड़ना होता है। यह ब्लड सर्कुलेशन हो बेहतर करने के साथ दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। प्रतिदिन 15 से 20 मिनट इसका अभ्यास करने से आपके दिमाग को बेहद फायदा मिलेगा।

**भुजंगासन**

मानसिक शाँति के लिए भुजंगासन के भी कई सारे फायदे हैं। यह पेट की चर्बी को दूर करने से लेकर मानसिक स्वास्थ्य, सभी में फायदा देता है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर मैट बिछाकर लेट जाएं। इसके बाद लंबी सांस लेकर दोनों हाथों पर भार डालते हुए शरीर को ऊपर उठाते हुए, सिर को पीछे की ओर लेकर जाएं। इस मुद्रा को 20 से 30 सेकेंड के लिए होल्ड करें।

ध्यान रखें किसी भी योगासन को शुरुआत में किसी एक्सपर्ट की देखरेख में करें। यदि आपको कोई रोग है, तो योग विशेषज्ञ से कंसल्ट करने के बाद ही इन योगासन को करें।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# पाकिस्तान से आए विस्थापितों के होली मिलन में गुरु गोविंद सिंह जी को किया गया याद

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 21ऽ फरीदाबाद में पाकिस्तान से विस्थापित भाइयों का स्वागत एवं होली मिलन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद,सेवा भारती फरीदाबाद और श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा किया गया इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख श्री गंगा शंकर जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन विस्थापित भाइयों के साथ सदैव खड़ा रहा है और भविष्य में भी उनकी नागरिकता संबंधी और अन्य कार्यों के लिए सदैव खड़ा रहेगा। उन्होंने सभी विस्थापितों से अपील की सभी अपने कागजात जल्द से जल्द जमा करें ताकि उनका उनका नागरिकता के लिए आवेदन किया जा सके।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री राजीव जेटली जी, मीडिया सलाहकार, मुख्यमंत्री हरियाणा ने कहा की नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 अफगानिस्तान बांग्लादेश पाकिस्तान से आए हिंदू सिख बौद्ध जैन पारसी को नागरिकता दिलवाने के लिए



लाया गया है उन्होंने विस्थापितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम में से बहुत से लोगों ने इस पीड़ा को सहा है। वर्तमान सरकार और प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी आपकी सहायता के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए फरीदाबाद पश्चिम के संघ चालक श्रीमान संजय जी ने भी विस्थापितों का स्वागत और धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के संयोजक अरुण वालिया, संयोजक सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद जो पिछले 8 वर्षों से विस्थापितों के जीवन के हर क्षेत्र उनके सुख-दुख, रोजगार स्वास्थ्य और कन्याओं की शादियों और नागरिकता संबंधी सभी कार्यों में उनकी सहायता मे जुटे हुए है; ने इस अवसर पर *गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार की समाज, धर्म और देश के लिए की गई कुर्बानियों को याद किया* और पाकिस्तान से आए *इन हिंदू सिख विस्थापितों को गुरु गोविंद सिंह जी का सच्चा अनुयाई बताया*जो अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना घर बार, कारोबार सब कुछ छोड़ कर आज यहां पर बहुत ही दयनीय स्थिति में रह रहे हैं , परंतु किसी भी हाल में अपना धर्म नहीं छोड़ा । उन्होंने समाज से अपील की हम सब मिलकर विस्थापित भाइयों को अपने गले लगाए और उनकी हर संभव सहायता करें ।

इस अवसर पर सेवा भारती से श्री धर्मपाल हरि ओम जी मनोज जेटली, रितु सिंह, रजनी रावत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से श्री गोविंद जी श्री सुनील जी श्री राम जी श्री छत्रपाल जी महेंद्र जी एवं समाजसेवी प्रीति जी और जोगिंदर सिंह जी उपस्थित रहे।

# कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में आप पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए धर्मबीर भड़ाना



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मबीर भड़ाना ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। श्री भड़ाना को भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पार्टी में शामिल करवाया, जबकि इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़, यशवीर डागर, प्रवीण चंदीला, प्रवीण चौधरी, विनोद गुप्ता, राज मदान, मौजूद रहे। होटल डिलाईट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान धर्मबीर भड़ाना ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में आस्था जताते हुए यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वह लोगों के हक-हकूक की आवाज उठाते आए है, आगे भी वह जनहित के मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह आप पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए गए थे, मगर आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से गठबंधन करके पार्टी की भ्रष्टाचार विरोधी नीति पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया, जिसके चलते उन्हें पार्टी छोड़ने का यह बड़ा फैसला लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश-प्रदेश में भाजपा का बोलबाला है और हर व्यक्ति भाजपा की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है और अब वह भी पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कृष्णपाल गुर्जर इस बार फरीदाबाद संसदीय सीट से करीब 12 लाख के मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना और आम आदमी पार्टी के अन्य पदाधिकारियों सुनील ग्रोवर, जिला सचिव मेहरचंद, लोकसभा के सह सचिव तेजवंत सिंह बिट्टू, जिला किसान सेल के अध्यक्ष हंसराज दायमा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष बघेल, युवा मोर्चा जि़ला उपाध्यक्ष चंचल तंवर, तेजेंद्र हर्षाना, जसप्रीत सचदेवा, पंकज भड़ाना, अजय खटाना, दीपांशु शर्मा, मास्टर नरेश शर्मा आदि अन्य कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया और भाजपा की सदस्यता दी। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना आम आदमी पार्टी की अपनी जिले की टीम के साथ भाजपा और मोदी जी में अपनी आस्था जताते हुए आज भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं, उनका दिल से स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। मोदी जी की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लगातार अन्य दलों के नेता भाजपा परिवार से जुड़ रहे हैं और भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है । मोदी जी में जनता का विश्वास तो बढ़ा ही है बल्कि विभिन्न दलों के नेताओं का भी भरोसा लगातार बढ़ रहा है और यह इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि मोदी जी की सोच है नेशन फर्स्ट। मोदी जी ने आने वाले वर्षों में विकास के जो टारगेट सेट किये हैं नि:संदेह उनको पूरा करेंगे। धर्मवीर भड़ाना और उनकी टीम के भाजपा के साथ जुडने. से फरीदाबाद में भाजपा और मजबूती के साथ अपना परचम फहराएगी । कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी जी के कामों को देखते हुए आने वाले समय में और दलों के नेता भाजपा में जुड़ेंगे और मैं यह विश्वास दिलाता हूँ धर्मवीर भडाना और उनके साथियों एवं अन्य दलों से आए नेताओं को भाजपा में पूरा मान सम्मान मिलेगा । इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा में आने पर मैं दिल की गहराइयों से धर्मवीर भड़ाना और सभी साथियों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। उनके पार्टी में आने से फरीदाबाद के 10 लाख पार के नारे को बल मिलेगा और 10 लाख पार कर फरीदाबाद में इतिहास रचेंगे। वहीं हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि भाई धर्मवीर भड़ाना समाज और परिवार से जुडकर चलने वाले व्यक्ति हैं और लोगो के दु:ख सुख में साथ खड़े रहते हैं भाजपा में उनके जुडने. से पार्टी को बल मिलेगा और पार्टी संगठन मज़बूत होगा उन्होंने सभी को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ ने कहा कि धर्मवीर भड़ाना काफ़ी लंबे समय से राजनीति में हैं और फरीदाबाद की राजनीति में सक्रिय हैं और लगातार जन जन की आवाज़ उठाने का कार्य कर रहे हैं। धर्मवीर भड़ाना समाज से जुड़े व्यक्ति हैं और उनके पार्टी में आने से पार्टी को मज़बूती मिलेगी । अजय गौड़ ने उनका पार्टी में आने पर स्वागत अभिनंदन किया और बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, सह मीडिया प्रभारी राज मदान, अजय डुडेजा, अन्य भाजपा कार्यकर्ता और गांवों के पंच, सरपंच, समाज के गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर करेंगे दिव्यांगों के बॉस्केट बॉल टूर्नामैंट का शुभारंभ : माधवी हंस

## 30-31 मार्च को सेक्टर-88 स्थित एसआरएस स्कूल में होगा टूर्नामैंट




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 30 व 31 मार्च को सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में किया जाएगा।

उक्त जानकारी आज सेक्टर 21सी के सामुदायिक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट की चेयरपर्सन माधवी हंस ने दी। इस मौके पर ट्रस्टी पंकज हंस, टोनी पहलवान, अशोक ढल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल तथा ट्रस्ट के विशेष सदस्य गगन हंस, हरबीर वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेयरपर्सन माधवी हंस ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के कर-कमलों द्वारा होगा तथा इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रदेश की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं ट्रस्टी पंकज हंस, टोनी पहलवान, अशोक ढल व विनय गोयल ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को प्रात: साढ़े दस से साढ़े ग्यारह बजे तक अतिथियों का स्वागत किया जाएगा व तदुपरांत पारंपरिक दीप प्रज्जवलन से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच 40 मिनट के होंगे तथा पहला मैच प्रात: 11.30 से हरियाणा व दिल्ली की टीमों के बीच मैच होगा। इसके उपरांत दोपहर साढ़े बारह बजे से दूसरे मैच में मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की टीमें भिड़ेंगी। फिर लंच के बाद ढाई बजे से हरियाणा व मध्यप्रदेश की टीमें खिलेंगी। इसके बाद साढ़े तीन बजे से दिल्ली व उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद साढ़े चार बजे तक रिफ्रेशमेंट ब्रेक रहेगा तथा 5 बजे से हरियाणा व उत्तर प्रदेश की टीमें खिलेंगी। उन्होंने बताया कि अगले दिन 31 मार्च को प्रात: 10 बजे से दिल्ली व मध्यप्रदेश की टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच टीम 'ए' और टीम 'बी' के बीच प्रात: 11 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मैच क्वाटर फाइनल व सेमीफाइनल के विजेताओं के बीच दोपहर बारह बजे से खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर एक से दो बजे तक होगा और इसके साथ ही लंच के साथ टूर्नामेंट का समापन किया होगा।

# उद्यान विभाग के कर्मचारियों की आम सभा आयोजित



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उद्यान विभाग के कर्मचारियों की आम सभा नगर निगम सभागार के प्रांगण में हुई जिसकी अध्यक्षता उद्यान विभाग के प्रधान शाहबीर खान ने की। सभा में चुनाव के विषय पर चर्चा की गई। शाहबीर खान ने कार्यकारिणी को भंग करके प्रधान व महासचिव के चुनाव करवाने की घोषणा की एवं शाहबीर खान ने चुनाव कराने की जिम्मेदारी फैडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान को सौंपी। इस मौके पर पूर्व कोषाध्यक्ष फेडरेशन के रण सिंह भडाना भी उपस्थित थे। फेडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कर्मचारी साथियों से अपील की चुनाव को सर्वसम्मति से कराया जाए जिससे संगठन मजबूत हो। सभी साथियों द्वारा सुरजीत नागर को सर्वसम्मति से प्रधान बनाने का निर्णय लिया गया साथ में उद्यान विभाग के महासचिव तेजपाल चैधरी, कार्यालय सचिव संजीव गौतम को बनाया गया।

श्री सुरजीत नागर को सर्वसम्मति से प्रधान बनाने पर फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान, शाहबीर खान एवं रण सिंह भडाना के साथ-साथ फेडरेशन के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी। इस मौके पर उद्यान विभाग का प्रधान चुने जाने पर सुरजीत नागर ने सभी कर्मचारी साथियों का आभार जताते हुए कहा कि फेडरेशन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक पालन करेंगे और कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।






## संपादकीय

# राम मंदिर ने भारतीय समाज को एक किया है



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

22 जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी। इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है।

सामान्यत: किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सर्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है।

इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परम्परा, दार्शनिक परम्परा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि।

कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनीयरों एवं सुपरवायजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे। कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्री अयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्री अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

# आरोपियों पर डकैती, जानलेवा हमला एवं चोरी के संगीन मामले हैं दर्ज



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार *डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल द्वारा जिला पुलिस को वाहन चोरों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश जारी किए हुए हैं* निर्देशों की पालना के तहत क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम ने वाहन चोर गैंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गुरुग्राम से अलग-अलग चोरी की हुई तीन मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की है। आरोपियों पर गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूह मेवात में डकैती, जानलेवा हमला एवं चोरी के संगीन मामले दर्ज है।

मामले की जानकारी देते हुए क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया ने बताया कि गत दिनांक 26 मार्च 2024 को मुख्य सिपाही अशोक कुमार अपनी टीम के साथ बराये गस्त पडताल क्राईम जयन्ती मोड हथीन मोजुद जहां उन्हें मुखबर सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तीरवाड़ा थाना बिछोर जिला मेवात निवासी तीन युवक चोरी की मोटर साइकिल रखते है और चोरी कि मोटर साईकिल अपाचे बिना नम्बर सफेद जो गुरुग्राम से चोरी शुदा है पर सवार होकर उटावड कि तरफ से आ रहे है तथा मोटर साईकिल वा गाडी चोरी करने के लिए पलवल फरीदाबाद जाएगे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बिना किसी देरी के मौका पर नाकाबन्दी शुरु कि जो करिब 15-20 मिन्ट बाद एक मोटर साईकिल पर तीन नोजवान लडके सवार होकर आते दिखाई दिए जो नजदीक आने पर नाका बन्दी से करिब 15-20 कदम दुरी पहले पुलिस पार्टी को देखकर मोटर साईकिल को रोककर वापिस मोड भागने लगे लेकिन पुलिस पार्टी ने मुस्तेदी दिखाते हुए तीनों युवकों को मोटरसाइकिल सहित धर दबोचा। तीनों ही युवक मोटरसाइकिल के कोई कागजात पेश न कर सके। तलाशी के दौरान एक ही युवक से मास्टर चाबी भी बरामद हुई। बाईक के इंजन एवं चैचिस न0 के आधार पर जांच पड़ताल में उक्त मोटरसाइकिल मुकदमा नंबर 415/23 धारा 379 थाना सेक्टर 40 गुरुग्राम में चोरी शुदा पाई गयी। मोटरसाईकिल उपरोक्त को कब्जा पुलिस मे लिया गया तथा इस संबंध में धारा 379,411 आईपीसी के तहत थाना हथीन मे मुकदमा दर्ज रजिस्टर कर हेड कांस्टेबल कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में आगामी जांच इकाई ने आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जिसके आधार पर थाना सिविल लाइन जिला गुरुग्राम के वर्ष 2021 एवं 2023 के दो अलग-अलग मामलों में चोरी की हुई दो मोटरसाइकिल केटीएम एवं स्प्लेंडर प्लस भी बरामद की गई। अपराधिक रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपियों पर गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूह मेवात में डकैती, जानलेवा हमला एवं चोरी के कुल 10 संगीन मामले भी दर्ज होने पाए गए। आरोपीयों की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित पुलिस को भी दी गई है। आरोपीयों को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# सड़कों का सर्वे कर अधिक दुर्घटनाएं होने वाले स्थानों को चिह्नित कर तैयार करें सूची

## जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित वाहन पॉलिसी की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला से होकर गुजर रहे सभी हाईवे पर से अवैध कटों को बंद किया जाए। इसके लिए जरूरत पडने.पर पुलिस प्रशासन की तरफ से भी सहयोग लिया जाए। जिला उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति तथा सुरक्षित वाहन पॉलिसी की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों को कहा कि वे अपनी-अपनी सडकों का सर्वे कर अधिक दुर्घटनाएं होने वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी सूची तैयार करें और उन स्थानों पर पुलिस विभाग के साथ गठित टीम के संग संयुक्त रूप से निरीक्षण करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कार्य किया जा सके।

उन्होंने सभी रोड एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी-अपनी सडकों पर कटों को बंद करवाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने सडकों से अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटवाने के लिए भी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने टोल प्लाजा पर एमरजैंसी लाइन की व्यवस्था तुरंत करने के लिए भी निर्देश दिए। हाईवे के पास बन रहे अवैध ढाबों को भी तुरंत प्रभाव से हटवाने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस को भी सडक पर नियमों की पालना सुनिश्चित न करने वाले वाहनों के भी लगातार चालान काटने की कार्रवाई जारी रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में स्थित स्कूलों के वाहनों को चैक करें और सरकार की ओर से जारी सभी हिदायतों का अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। स्कूल वाहनों में कैमरे, लेडी अटेंडेंट, प्राथमिक उपचार किट, अग्नि शामक आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना स्थलों पर एम्बुलेंस को निर्धारित रिस्पोंस टाइम पर पहुंचने, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मुख्य सडक मार्गों पर अवैध कटो को बंद करने, मॉडल स्ट्रैच, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान करने, शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों से होर्डिंग्स को हटवाने इत्यादि की समीक्षा की। बैठक में आरटीए शशि वसुंधरा ने सडकसुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों, प्रबंधों तथा सुरक्षित वाहन पॉलिसी के कार्यान्वयन के संदर्भ में आवश्यक जानकारी व विवरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, एसडीएम नरेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल सहित नगर परिषद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नैतिक मूल्यों को बढावा देने के लिए कर्मचारी हो रहे कर्मयोगी हरियाणा मिशन से प्रशिक्षित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में पिछले समय संचालित की गई महत्वाकांक्षी परियोजना कर्मयोगी हरियाणा के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों को नैतिकता के प्रति प्रशिक्षण दिया गया। इसका संचालन हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरूग्राम के दिशा निर्देश अनुसार किया गया। राजकीय कर्मचारियों में मूल्य व सदाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ के नेतृत्व में कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। पिछले वर्ष से शुरू किए गए इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कर्मयोगी हरियाणा का प्रशिक्षण ग्रहण करने उपरांत उन्हें ऑनलाईन सर्टिफिकेट प्रदान की गई। ज्ञानसिंह व मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है, इससे प्रत्येक कर्मचारी में सदाचार की भावना व आपसी विश्वास की भावना प्रबल होती है।

# सेहलग में वृद्ध व्यक्ति की मौत के आरोप में 3 नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव सेहलंग में बिस्तर पर मृत मिले 69 वर्षय वयोवृध व्यक्ति ताराचंद के केस में पोस्मार्टम रिपोर्ट व शिकायत के आधार पर पुलिस ने गांव के ही 3 व्यक्तियों के विरूध हत्या का केस दर्ज किया है। इस बारे में मृतक के पुत्र विजयपाल ने 26 मार्च को सुबह पेश की गई दरखास्त पर सीआरपीसी की धारा 174 के अंगर्तत कार्रवाई की थी। विजयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि 25 मार्च को धुलेंडी के दिन उनके पडौसी अशोक, अजय तथा सोनु शराब के नशे में हुडदंगबाजी कर रहे थे। उसका पिता ताराचंद 69 वर्ष जो अधरंग तथा चर्मरोग से लडाई लड रहा था। जो रोजमर्रा की भांति रात को भोजन कर सो गया, मध्य रात्री के करीब विजयपाल ने देखा की ताराचंद के शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही। उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए शव को महेंद्रगढ सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो पीएमआर में ताराचंद की मौत गर्दन दबाने पर दम घुटने से पायी गई। पुलिस ने पीमआर रिपोर्ट तथा विजयपाल की शिकायत पर इत्तफाकिया कार्रवाई को हत्या में परिवर्तित कर अशोक, अजय तथा सोनु के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस बारे में डीएसपी महेंद्र सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता एवं चिकित्सकों की रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। केस की गहनता से जांच की जा रही है। जांच में जो सामने आएगा उसी अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

# गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दाखिले शुरू

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिगांव स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छठीं, नौवीं व 11 वीं के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार और टीचर योगेंद्र आर्य ने बताया कि इस दाखिला प्रक्रिया के तहत छठीं, नौवीं व 11 वीं कक्षाओं में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी स्कूल में अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। दाखिले के लिए फार्म स्कूल से लिया जा सकेगा।

# छोटे-छोटे कार्यों के लिए आमजन को कार्यालय के चक्कर न लगाने पडें : संजीव नागर

## कनीना व अटेली तहसील का संभाला कार्यभार



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आमजन छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर परेशान नहीं चाहिए। कार्यालय कर्मचारी जनहित के कार्यों को तत्परता से निपटाएं। ये विचार कनीना तहसील में तहसीलदार संजीव नागर ने कार्यालय कर्मियों से मुखातिब होते हुए जरूरी दिशा-निर्देश देते समय व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आमजन को अपने कार्य के संदर्भ में कार्यालय के चक्कर न लगाना पडे। किसी कार्य के लिए स्वयं तहसीलदार की जरूरत पडती है तो वे भी हाजिर हैं। वे लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से पूर्व होडल तहसील से बदली होकर महेंद्रगढ जिले में आए हैं। उनके पास अटेली तहसील का स्थाई तथा कनीना तहसील का अतिरिक्त कार्यभार है। उन्होंने राजस्व विभाग के पटवारियों से कहा कि सरसों तथा गेहूं की खरीद कार्य लगभग शुरू हो गया है। पटवारी अपना कार्य पूर इत्मीनॉन से करें। किसी कार्य में दिक्कत आती है तो वे उनसे संपर्क करें।

उन्होंने कहा कि आमजन तथा किसानों को किसी प्रकार की समस्या आडे नहीं आने दी जाएगी। ईधर आमजन ने तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर संतोष जताया है। इस मौके पर कार्यालय कर्मी यशवीर, पटवारी महेंद्र सिंह, अनूप सुहाग, विक्रम सिंह, शमशेर सिंह, प्रदीप कुमार, सीमा देवी, मनोज कुमार, संजीव कुमार उपस्थित थे।

# मुंडिया खेडा में एचटी लाईन करेंट में चपेट में आने से मादा मोर की मौत

## ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारियों से की इंसुलेटिड वायर लगाने की मांग



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नारनौल मार्ग स्थित गांव मुंडिया खेडा में बिजली एचटी तारों की चपेट में आने से मादा मोर की अकाल मौत हो गई। जिसे लेकर ग्रामीणों ने रोष जताया है। इस बारे में रणजीत सिंह, बाबूलाल ने बताया कि बिजली निगम की ओर से एल्यूमीनियम की नंगी तारें लगाई गई हैं, जिनमें 11 हजार वोल्टेज करेंट लगातार दौडता रहता है। बिजली की इन लाइनों की चपेट में आने से इससे पूर्व भी अनेकों मोर काल का ग्रास बन चुके हैं। ग्रामीणों की ओर से कई बार निगम के अधिकारियों से इंसुलटिड वायर लगाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी की मौत पर आक्रोस जताते हुए बिजली निगम के अधिकारियों से नंगी तारों के स्थान पर प्लास्टिक कवर केबल लगाने की मांग की है।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में

फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर ने भाजपा पर जमकर जुबानी हमला बोला

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका विधानसभा से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने नूंह में प्रेसवार्ता कर भाजपा पर जमकर जुबानी हमला बोला। मामन खान ने जहां मेवात की अनदेखी का आरोप लगाया वहीं उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में नूंह जिले में बिजली और पानी ना देकर मेवात के लोगों के साथ भाजपा सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। इतना ही नहीं लगभग 500 करोड़ रुपए रेनीवेल परियोजना पर खर्च करने के बाद भी नगीना और फिरोजपुर झिरका खंड के गांवों में पीने को पानी नहीं मिल पा रहा है।

फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि बीते 9 मार्च को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहीद राजा हसन खां मेवाती के बलिदान दिवस के उपलक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया था। लेकिन उस दिन मेवात के लोगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोई बड़ी घोषणा नहीं की और मेवात की दशकों पुरानी मांग मेवात में यूनिवर्सिटी और नूंह से लेकर राजस्थान बॉर्डर तक 248 ए राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन करने के बारे में भी कोई ऐसी घोषणा नहीं की जिससे मेवात के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

विधायक मामन खान ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार मेवात के लोगों को विकास के नाम पर भटकाने का काम कर रही है, और मेवात के भाजपा नेताओं को मेवात के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि अब से पहले सभी सरकारों ने रमजान के माह में मेवात के लिए पूरी बिजली और पानी देने का काम किया है लेकिन इस बार भाजपा सरकार ने जो रवैया अपनाया है वह मेवात के लोगों के लिए बिल्कुल एक अलग बात है जो पूरी तरह से मेवात के साथ भेदभाव नजर आ रहा है।



वही विधायक मामन खान ने कहा कि आज किसान पूरी तरह परेशान है, मेवात में ज्यादातर लोग कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन मेवात के किसानों की सरसों को भी कम दामों में खरीदा जा रहा है।

मामन खान ने कहा कि नूंह से लेकर राजस्थान बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए को फोरलेन करने के लिए काफी समय से मेवात की जनता मांग कर रही है। लेकिन इस सरकार में मेवात के लोगों को सिर्फ इस सड़क को फोरलेन करने के नाम पर एक झूठा आश्वासन लगातार दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वह अखबारों में और दूसरी जगह देखते हैं कि नूंह जिले का अधिकारियों और भाजपा नेताओं द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि नूंह से लेकर राजस्थान बॉर्डर तक सड़क की डीपीआर तैयार हो चुकी है और इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह सब झूठ है अभी तक इस सड़क की संबंधित मंत्रालय से विभाग के पास एनओसी भी नहीं आई है। रही बात इस सड़क को बनाने की उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले इस रोड को फोरलेन बनवाया जाएगा ,ताकि मेवात की युवाओं की जान ले रही है इस खूनी सड़क पर दुर्घटनाओं से निजात मिल सके।

विधायक मामन खान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद एसबीआई द्वारा जारी इलेक्टोरल बॉन्ड की सूची में हुए नए खुलासे ने देश में एक बार फिर बीजेपी की पोल खोल दी है।

उन्होंने कहा कि ड्रग टेस्ट में फेल दवा कंपनियां ने बीजेपी को करोड़ों के इलेक्टोरल बॉन्ड दिए जिसके कारण सरकार एक बार फिर गंभीर सवालों में घिर गई है।

पत्रकारों को प्रतिक्रिया देते हुए मामन खान ने कहा कि जो दवा कंपनियां गुणवत्ता में फैल हो गई उन कंपनियों ने मोदी सरकार को किस लिए सैकड़ों करोड़ रुपये का चंदा दिया। क्यों मरीजों की जान जोखिम में डाली गई, क्यों गलत दवाएं बाजार में उतरने दी गई। इन सभी बातों का जवाब आज देश की जनता मोदी सरकार से मांग रही है।

विधायक ने कहा कि मोदी वहीं प्रधानमंत्री हैं जो काला धन वापस लाने की गारंटी देते थे। लेकिन आज हर दागी कंपनियों से चंदा लेकर फायदा पहुंचाया गया है। यह सरकार भ्रष्टाचार में इतनी डूब चुकी है कि इनको लोगों के स्वास्थ्य की भी चिंता नहीं है। विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि 38 कॉर्पोरेट कंपनियों को केंद्र या भाजपा शासित राज्य सरकारों की तरफ से कई प्रोजेक्ट की मंजूरी मिली। बाद में उन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। इन कंपनियों को भाजपा को चुनावी बांड के 2,004 करोड़ रुपये के चंदे के बदले प्रोजेक्ट में कुल 3.8 लाख करोड़ रुपए मिले हैं।

## दूसरे दिन भी नही शुरु सरकारी खरीद ओने-पौने दामों पर बेके रहे है किसान सरसों

समाचार गेट/संजय राघव

**सोहना।** सरकार द्वारा मंगलवार 26 मार्च से सरकारी रेट पर सरसों की खरीद करने के दावे सोहना में हवाई साबित हुए। यहां न तो सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो पाई कुछ किसान अपनी फसल लेकर आए। । सोहना में सरकारी खरीद दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो पाई। हालात ये हैं कि अगले एक-दो दिन तक भी खरीद शुरू होने का कोई पता नहीं है। क्योंकि मंडी में किसान और सरसों तो आ गई है, लेकिन खरीद शुरू नही की गई। अधिकारियों का कहना है कि सरसों में नमी के कारण खरीद शुरू नहीं की गई। ख़रीद नही होने के कारण मजबूरन किसान कम भाव में सरसों बेच रहा हैं, कुछ किसान अभी भी सरकारी खरीद का इंतजार कर रहे हैं ।मार्किट में सरसों का भाव 4,900 रुपए से 5,080 तक का भाव है, जो एमएसपी से काफी कम है। सरकार ने सरसों का एमएसपी 5,650 रुपए घोषित कर रखा है। सोहना मंडी में कुछ खरीददारी हैफेड व उसके बाद हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन ख़रीद करेगा। सरसों की सरकारी खरीद 1 में तक चलेगी उसके बाद गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू की जाएगी। सोहने की अनाज मंडी में अव्यवस्था को देखा जाए तो जगह-जगह पर काफी तादाद में खड़े वाहनों के कारण किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर मार्केट विभाग के अधिकारियों ने सोहना एसडीएम को इस बात की शिकायत दी है जल्द ही इन वाहन चालकों के खिलाफ चालान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मार्केट कमेटी सचिव सुनीता देवी ने बताया कि इस मामले में हैफेड की टीम मंडी में आ चुकी है किसानों द्वारा जो सरसों लाई जा रही है उनमें नमी होने के कारण खरीदारी नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि मंडी के अंदर जो वाहन खड़े हैं उनको लेकर एसडीएम से शिकायत कर दी गई है जल्द ही उन पर विभागीय एक्शन लिया जाएगा।

## अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही : आईजी राजेंद्र सिंह

### आईजी ने शराब ठेकेदारों व संबंधित अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** साउथ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए तथा इसके लिए सॅदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस प्रकार के किसी भी मामले में ढिलाई न बरती जाए।



आईजी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों व शराब ठेकेदारों को संबोधित कर यह निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध ठेकेदारों व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी, इसलिए वे जिला प्रशासन के अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखें, ताकि अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रोक संभव हो सके। इसके साथ ही आबकारी अधिकारी शराब के ठेकों आदि की जानकारी भी पुलिस विभाग को दी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग भी सुनिश्चित करे कि उनके अधिकार क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने जिला में सॅथित अस्पताल संचालकों से भी अपील करते हुए कहा कि यदि किसी अस्पताल में सॅदिग्ध या किसी अप्राकृतिक मौत की सूचना या अन्य कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो सबसे पहले इसकी सूचना तुरंत पुलिस विभाग को दी जाए ताकि समय रहते पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि अगर उनके संज्ञान में भी किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या नकली शराब बनाने वालो व्यक्तियों की सूचना मिलती है तो इसी सूचना तुरन्त पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके। ऐसी सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, एसडीएम नूंह विशाल, उप आबकारी कराधान आयुक्त अनुपमा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव संबंधी कार्यों में सरलता व पादर्शिता के लिए बनाए कई एप- जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव संबंधी कार्यों में सरलता व पादर्शिता के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के युग के अनुरूप विभिन्न प्रकार के मोबाइल एप लांच किए हैं। इन एप के माध्यम से कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवाया सकता है। ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एप बनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपतति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की संपतति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी एप बनाया गया है। इस एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप की जानकारी उपलब्ध है।
















# उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता : पीसी मीणा



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने आज यहां दिल्ली ऑपरेशन जोन के अधिकारियों की बैठक ली। प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने कहा कि सभी अधिकारी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें और संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान करें।

इस बैठक में खराब मीटरों का बदलना, खतरनाक लाइनो का स्थानांतरण, 6 माह और 3 माह से अधिक की औसत बिलिंग संबंधी शिकायतें के निवारण तथा ग्रीष्मकालीन तैयारियों की समीक्षा की गई ताकि उपभोक्ता को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती रहे। समीक्षा करते हुए प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता देने, बिजली बिल से संबंधित समस्याओं के निवारण करने तथा नए बिजली कनेक्शन को भी तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। इस बैठक में बिजली निगम के निदेशक सुरेश बंसल, गुरुग्राम सर्कल एक के एसई श्यामवीर सैनी, गुड़गांव सर्कल दो के एसई प्रदीप चौहान, फरीदाबाद के एसई नरेश कक्कड़, पलवल के एसई जोगिंदर हुड्डा, रेवाड़ी के एसई मनोज यादव, महेंद्रगढ़ के एसई रंजन राव सहित दिल्ली ऑपरेशन जोन के कार्यकारी अभियंता शामिल हुए।

# आश्रम हरी मंदिर के वार्षिकोत्सव में पहुंचेंगे सीएम नायब सैनी



**गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा संस्था का 104 वां वार्षिकोत्सव**

**5, 6 और 7 अप्रैल को यहां पहुंचेंगे राजनेता, समाजसेवी और धर्माचार्य**

समाचार गेट ब्यूरो

**पटौदी।** उत्तर भारत की विख्यात शिक्षण संस्था आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय पटौदी के वार्षिकोत्सव समारोह में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे। संस्था के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय का तीन दिवसीय 104 वां वार्षिकोत्सव 5, 6 और 7 अप्रैल को गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस भव्य और दिव्य आयोजन का आरंभ कलश यात्रा और संस्था का ध्वजारोहण किया जाने के साथ होगा।

आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया इस वार्षिकोत्सव समारोह में हरियाणा के सीएम नायाब सिंह सैनी के अलावा मंत्री डॉ बनवारी लाल, मंत्री श्रीमती सीमा तिरखा, मंत्री सुभाष सुधा, मंत्री कुंवर संजय सिंह सहित विधायक सत्य प्रकाश, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक सुधीर सिंगला भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसी मौके पर सत्ता पक्ष भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में मुख्य रूप से अरविंद यादव, श्रीमती गार्गी कक्कड़, कमल यादव के नाम शामिल है। इस तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में जगतगुरु स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज और एक दर्जन से अधिक देशभर के विख्यात धर्माचार्य भी आमंत्रित किए गए हैं। इस तीन दिवसीय महोत्सव का मुख्य आकर्षण 6 अप्रैल की रात्रि में आयोजित होने वाला कवी सम्मेलन रहेगा। इस कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि और गजलकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इस तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के लिए तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

**बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ मुहिम युवा पीढ़ी को बना रही संस्कारवान, मुहिम ने स्पर्श किया 5 लाख 93 हजार का आंकड़ा**

# राम मनोहारी हैं, राम अलौकिक हैं, राम अनुकरणीय हैं, राम वंदनीय हैं : बोधराज सीकरी



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** बोधराज सीकरी की मुहिम युवाओं को संस्कारवान बनाने और समाज को धर्म के महत्व से अवगत कराने में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हो रही है। कल दिनांक 26 मार्च को प्रधान श्री राम लाल ग्रोवर द्वारा हनुमान मंदिर मदनपुरी गली नंबर 3 गुरुग्राम में पाठ का आयोजन किया गया जिसमें 350 लोगों ने 21-21 बार पाठ किया। इस आयोजन में महाबीर दल ने अपना विशेष सहयोग दिया व साईं सेवा समिति ने भंडारे का कार्यभार बखूबी निभाया।

मंगलवार के आयोजन में गजेंद्र गोसाई ने विधिवत पूजन के बाद, पंडित भीम दत्त जी से शंखनाद करवाया। हनुमान चालीसा पाठ को संगीतमय तरीके से मस्ती में प्रेम भाव से 21-21 बार प्रस्तुत किया और अंत में राम-राम की एक माला पूरी की। अंतिम चौपाई में संपुट लगाकर खूब संगत को नृत्य के माध्यम से आनंदित किया। पिछले सप्ताह नरेश चावला और अभिषेक खनेजा ने खाटू श्याम जी की भजन संध्या पालम विहार में आयोजित की थी जिसमें बोधराज सीकरी की अगुवाई में गजेंद्र गोसाई ने पाँच-पाँच बार हनुमान चालीसा का पाठ 100 से अधिक लोगों के साथ मिलकर संगीतमय तरीके से किया।

बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में अशोक वाटिका का दृश्य हनुमान जी के निमित्त प्रस्तुत किया जिसमें बगिया का वर्णन पुष्पों के माध्यम से किया गया। कैसे एक कथा में भगवान राम माँ सीता के साथ हनुमान जी के साथ उपस्थित होते हैं। भक्ति की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने ऐसे ही रामायण में वर्णित सरभंग ऋषि का एक योग के माध्यम से किये गए चमत्कार का जिक्र भी किया। कैसे सरभंग ऋषि को राम ने दर्शन दिया। उस वृंतात का बखूबी वर्णन कर लोगों का मन हर लिया।

पिछले सप्ताह तक 242 स्थानों पर 42,314 साधकों द्वारा 584,595 पाठ हो चुके हैं। कल के पाठ में लगभग 350 भक्तों ने भाग लिया और सभी ने 21-21 बार पाठ किया। श्रीमती ज्योत्सना बजाज के ऑनलाइन हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन में 21 लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। विजय टन्डन और श्री रणधीर टन्डन की फैक्ट्री के 66 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 31 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया व पालम विहार में 100 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। इस प्रकार अब तक 248 स्थानों पर 42,922 साधकों द्वारा 593,803 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं। गणमान्य व्यक्तियों में पूनम माताजी की सुपुत्री श्रीमती डॉक्टर अलका शर्मा, पंजाबी बिरादरी महा संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश कथूरिया, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा व केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान एसके खुल्लर, उदयभान ग्रोवर के साथ मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, अर्जुन मंडल के भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र बजाज उपस्थित रहे। साथ ही अनिल कुमार, सुखदेव, रवींद्र खुल्लर, सुरेंद्र बरेजा, केसर दास ग्रोवर, जय दयाल, राजिंदर बजाज, द्वारका नाथ मक्कड़, उमेश ग्रोवर मौजूद रहे व दशहरा ग्राउंड आरडब्ल्यूए के प्रधान दलीप लूथरा, सुभाष ग्रोवर के साथ पधारे व पंडित चुनी लाल, पंडित हरीश, विपिन सचदेव मौजूद रहे। महिला मंडली में श्रीमती ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, शशि बजाज, सिमरन बजाज, वीणा अरोड़ा, आशा सेठ, ऊष्मा सचदेव, रचना शर्मा उपस्थित रही। बोधराज सीकरी ने जिस उद्देश्य से यह मुहिम चलाई उसके सकारात्मक रंग संस्कारवान युवाओं के रूप में पल्लवित हो रहे हैं।

# किसानों को जानबूझकर प्राइवेट एजेंसियों के हवाले कर रही है बीजेपी सरकार- हुड्डा

**एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर फसल बेचने को मजबूर हैं किसान- हुड्डा**

**सरसों की की सुचारू खरीद शुरू करे सरकार, गेहूं की आवक के लिए भी करे तैयारी- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार जानबूझकर किसानों को घाटे में धकेल रही है। बार-बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई। इक्का-दुक्का जगह पर जहां सरकारी एजेंसी पहुंची हैं, वहां भी नमी का बहाना बनाकर खरीद करने से इनकार किया जा रहा है। इसके चलते प्राइवेट एजेंसी औने पौने दाम पर खरीद कर रही हैं। जिसके कारण किसानों को मजबूरी में एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। हुड्डा ने कहा कि हफ्तेभर से मंडियों में सरसों की आवक जारी है। बावजूद इसके सरकार ने देरी से खरीद का ऐलान किया। अपने ऐलान के मुताबिक भी सरकार खरीद नहीं कर पा रही है। इतना ही नहीं एक बार फिर किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के हवाले कर दिया गया है। पार्टल पर 9.25 लाख किसानों ने 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण करवाया था। लेकिन इसमें से 10.40 लाख एकड़ रकबे का रिकॉर्ड मिसमैच पाया गया। जब तक यह पूरा रिकॉर्ड ठीक नहीं होता, तबतक किसान अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे। यानी सरकार की गलती का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एकबार फिर सरकार से जल्द सरसों की सुचारू खरीद शुरू करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गेहूं की आवक के लिए भी पहले से ही तमाम तैयारियों को पूरा करने की मांग उठाई है।

हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान सरकार फसलों के मंडी में आते ही फौरन खरीद शुरू कर देती थी। इसके चलते फसलों के मार्किट रेट ऊंचे हो जाते थे। इसलिए प्राइवेट एजेंसियों को भी एमएसपी या उससे ज्यादा रेट पर फसल खरीदनी पड़ती थी। लेकिन बीजेपी सरकार ठीक इसके उलट नीति पर चलती है। शुरूआत में सरकार द्वारा खरीद नहीं की जाती। मार्किट में फसल के रेट गिर जाते हैं। इसका फायदा प्राइवेट एजेंसियां उठाती हैं और औने-पौने दामों पर खरीद करती हैं। जबतक सरकारी खरीद शुरू होती है, तबतक बड़ी तादाद में किसान अपनी फसल बेच चुके होते हैं।






# महिला सरपंच ने लगाया आरोप, राजनीतिक द्वेष के चलते की जा रही है शिकायत



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पुन्हाना उपमंडल के लहरवाडी गांव की सरपंच पर चुनावों में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाने का आरोप लगा है। जिसकी शिकायत उपायुक्त से की गई है। लेकिन वहीं मौजूदा सरपंच का आरोप है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है इसके बाद भी गांव में राजनीतिक द्वेष रखते हुए शिकायत कर उसे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी को भेज कर महिला सरपंच ने ऐसी शिकायतों को रद्द करने के साथ कार्रवाई की मांग की है। लहरवाडी गांव की सरपंच अंजुमन ने बताया कि गांव में कुछ लोग राजनीतिक द्वेष के कारण उसके खिलाफ बिना वजह शिकायत करते है। उसके खिलाफ सिविल कोर्ट पुन्हाना में पहले ही एक इलेक्शन पिटिशन सलमा बनाम अंजुमन वगैरा दायर किया हुआ है, जो अभी कोर्ट में विचाराधीन है और वो इस मामले में बार बार सभी तारीख पर कोर्ट में पेश हो रही है। महिला सरपंच ने बताया कि उसकी शैक्षणिक योग्यता प्राइमरी से लेकर 9 वीं तक है जो चुनाव प्रक्रिया में सक्षम अधिकारी शैक्षणिक योग्यता की पूर्ण कागजातों की जांच कर चुके है।







# नूंह जिला के सिविल अस्पताल माण्डीखेड़ा में धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड टीबी दिवस




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। वर्ल्ड टी बी दिवस प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है परन्तु होली के त्योहार के कारण 27 मार्च को सिविल अस्पताल माण्डीखेड़ा के प्रांगण में वर्ल्ड टी बी डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि उप सिविल सर्जन डॉ आशीष सिंगला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सिविल सर्जन टी बी डॉ प्रवीण राज तवंर ने की। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ हेमन्त कुमार, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ फारूक, एच ओ डी चेस्ट एण्ड टी बी डॉ विपिन गोयल, आनन्द लाल पैथ लैब, डिस्ट्रिक प्रोग्राम कॉर्डिनेटर अरसद, डिस्ट्रिक प्रोग्राम मेनेजर मौ शाकिर, जिला लेखाकार अब्दुल गफ्फार, प्राईवेट अस्पताल शिफा से डॉ पटवारी खॉन, जीवन ज्योति अस्पताल तावडू से डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सॅपिड एन जी ओ के मेनेजर अवधेश, वर्ल्ड विजन एन जी ओ के मेनेजर अमरजीत व टी बी का अन्य स्टाफ व नर्सिग कॉलेज के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ प्रवीण राज तवंर ने टी बी की बीमारी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि टी बी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है, जो कि एक टी बी संक्रमित मरीज के खांसने छींकने व थूकने से जो कण निकलते है उससे स्वस्थ व्यक्ति को भी टीबी हो सकती है। टी बी को फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइक्रो बैक्टकरियम ट्यूबरक्लोसिस होता है। दो सप्ताह से ज्यादा पुरानी खांसी, बुखार, लगातर वजन कम होना टी बी होने के लक्षण हो सकते हैं। टी बी दो प्रकार की होती है फेफडो वाली टी बी व शरीर के किसी भी अंग में होने वाली टी बी जिसे एक्सट्रा पलोमनरी टी बी कहा जाता है। सभी प्रकार की टी बी की संपूर्ण दवाईयॉ व जॉचे मरीजो को नि: शुल्क प्रदान की जाती हैं। उन्हानें बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2030 तक दुनिया को टी बी मुक्त बनाने के लक्ष्य तय किया है तथा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार द्वारा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग जिला नूँह को टी बी मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है तथा जिले के 23 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बना दिया गया है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा निश्चय पोषण योजना के तहत हर मरीज को 500रू प्रति माह दिये जाते हैं। जिला नूँह को टी बी मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत सभी प्राईवेट प्रेक्टिशनर, सॅपिड एन जी ओ, वर्ल्ड विजन संस्था तथा अन्य सहयोगी व समज सेवी संस्थाओं जो लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करती हैं सभी को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में हाईटेक हुआ भारत निर्वाचन आयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं, प्रत्याशियों व पोलिंग अधिकारियों की सुविधा के लिए लांच किए उपयोगी एप।**



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में भारत निर्वाचन आयोग भी हाईटेक हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देश में होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के मोबाइल एप लांच किए हुए हैं। इन एप के माध्यम से कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप बनाया गया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप की जानकारी उपलब्ध है।

# जिला शिक्षा अधिकारी की सेवानिवृति पूर्व डाइट ने विदाई कार्यक्रम का किया आयोजन



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह ने विदाई संबोधन में चल रहे पांच दिवसीय ई कंटेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में 125 प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते दौर में तकनीक भी बहुत तेजी से बदल रही है इसलिए नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा जगत से जुड़े सभी लोगों को भी अपने आपको अपडेट रखना नितांत आवश्यक है। जहां आप काम कर रहे हो उस पद के साथ न्याय करें। एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के तत्वाधान में चल रहे कार्यक्रम का शुभ आरंभ प्राचार्य सुभाष चंद्र ने 26 मार्च को किया था। उन्होंने कहा इस प्रशिक्षण में 11 एप सिखाए जाएंगे। मेंटरिंग विजिट के दौरान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के रूपांतरण में इस तकनीकी की विशेष भूमिका होती है अत: नई तकनीक को सीख कर विद्यालयों में शिक्षको को विद्यार्थियों तक पहुंचाना एक विशेष जिम्मेदारी है। इस प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागी नवीनतम तकनीकी से शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया को रुचिकर बनाकर विद्यार्थियों की दक्षताओं को पूरा करवाने में अहम भूमिका निभा सके।डीपीसी महेंद्र सिंह खनगवाल व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने संबोधन में कहा कि नसीब सिंह ने 31 वर्षों तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी। इस दौरान साथी शिक्षकों व अधिकारियों को उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। इस सम्मान समारोह में प्राचार्य द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत कर एवं डाइट स्टाफ की तरफ से स्वागत कर पगड़ी व लोई पहनकर नसीब सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को विदा किया गया। इस कार्यक्रम में डाइट की तरफ से वरिष्ठ प्राध्यापक, प्राध्यापक गैर शैक्षिक व सुख सहायक उपस्थित रहे।

# रक्तदान से बढ़कर मानव की कोई सेवा नहीं : पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह



**श्री शिव कृष्ण गौशाला समिति बालधन एवम एम्स बाढ़डा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित**

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। श्री शिव कृष्ण गौशाला समिति बालधन एवम एम्स बाढ़डा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। पूर्व मंत्री बिक्रम यादव ने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। शिविर में 42 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर मानव की कोई सेवा नही । रक्त की एक एक बूंद कीमती है। रक्तदान महादान है, हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद सुरेंद्र माडिया एवम पूर्व ब्लॉक समिति जाटूसाना चेयरमैन राजकुमार ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में रक्तदान के लिए प्रेरित किया। एम्स टीम इंचार्ज डॉ दीप्तीरंजन ने बताया कि रक्तदान से रक्तदाता निरोगी रहता है । हमारे समाज में एक भ्रांति फैली हुई है कि खून देने से शरीर में कमजोरी आती है, ऐसा कुछ नहीं है, बल्कि खून देने के बाद से ही शरीर में दोबारा खून बनना शुरू हो जाता है, जिससे शरीर में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उन्होंने श्री शिव कृष्ण गौशाला समिति की ओर से करवाये गए मानव भलाई, समाज सेवा के इन नेक व शुभ कार्यो के लिए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी।

कमांडो केके यादव ने कहा कि मानव भलाई के इस कार्य के लिए हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। विशेष तौर पर युवा साथियों को रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। समिति उपप्रधान देवेंद्र सैनी एवम एडवोकेट रणधीर सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी द्वारा दी गई खून की एक एक बूंद किसी जरूरतमंद के जीवन की कड़ी का हिस्सा होगी। इस अवसर पर नरेंद्र यादव, संदीप भोतवास, प्रदीप यादव, सुनील यादव, अशोक कुमार, जय सिंह गुड़गांव, कृष्ण, कमांडो केके यादव, एडवोकेट पवन यादव बेरली, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गोयल गुडियानिया, धर्मबीर बालधन, एम्स से नवीन, प्रियंका, प्रदीप, अश्वनी, मेहताब सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद के हर्ष ने कुश्ती में जीता मैडल

समाचार गेट ब्यूरो



फरीदाबाद। रेसलिंग सेंटर सेक्टर 12 के पहलवान हर्ष ने अंडर 15 हरियाणा स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीत कर किया फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। पहलवान हर्ष के मेडल जीतने पर परिवार एंव सेक्टर 12 रेसलिंग सेंटर में जश्न का माहौल है। खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि हर्ष पहलवान जैसे बच्चे अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कुश्ती कोच अक्षय राठी के अनुसार हर्ष बहुत ही मेहनती खिलाड़ी हैं वह कभी भी प्रैक्टिस को मिस नहीं करता है, उसकी खेल में रूचि का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं। हर्ष के माता-पिता को उसकी इस उपलब्धि पर गर्व है। हर्ष का एक ही सपना है कि अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले।

# योगराज दीक्षित उजीना बने दूसरी बार बिजली विभाग नूंह यूनिट के प्रधान




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। मगंलवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन नूंह यूनिट का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसकी अध्यक्षता पलवल सर्कल सेक्रेटरी राजेश शर्मा ने की। इस कार्यक्रम सम्मेलन में नूंह सब यूनिट सहित फिरोजपुरझिरका, पुनहाना व नगीना के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें सभी कर्मचारियों ने नूंह यूनिट बॉडी के त्रिवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से योगराज दीक्षित उजीना को दूसरी बार प्रधान चुना। जबकि राकेश कुमार को सचिव चुना गया। इसके अलावा वरिष्ट उप प्रधान मनीष कुमार, उप प्रधान अख्तर हुसैन, उप प्रधान लियाकत अली, सह सचिव शौकत हुसैन, केशयर वेद प्रकाश, संगठन सचिव सलीम, व चंद्रपाल, प्रेस सचिव जुबेर व ऑडिटर पद के लिए शाहिद को चुना गया है।सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को इस अवसर पर शपथ दिलाई गई। यह चुनाव यूनियन के पर्यवेक्षक , जितेंद्र तेवतिया राज्य उप महासचिव, शब्बीर अहमद वरिष्ट अध्यक्ष, राज्य सचिव समून खान , सी सी मेंबर विनोद शर्मा व राजेश शर्मा सर्कल सचिव पलवल की निगरानी में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के राज्य उपमहासचिव जितेंद्र तेवतिया ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार के तानाशाही रवैया के बारे में बताया और सभी कर्मचारियों को एकजुट रहकर अपनी हक की लड़ाई लड़ने के लिए आने वाले यूनियन के प्रोग्राम में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की।






समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# हरियाणा में अल्पमत की सरकार, जो चल नहीं रेंग रही है : दीपेंद्र हुड्डा

**प्रदेश में विधानसभा को भंग कर तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए : दीपेंद्र हुड्डा**

**चुनाव से पहले सिर्फ चेहरे बदलने से बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा कम नहीं होगा : दीपेंद्र हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज कहा कि हरियाणा में अल्पमत की सरकार है, जो चल ही नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल और कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला द्वारा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे के बाद 88 विधायकों वाले सदन में सरकार के साथ मात्र 40 विधायक रह गये हैं जबकि, 48 विधायक इस सरकार के खिलाफ हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने यह भी कहा कि जेजेपी के विधायक और निर्दलीय विधायकों में भी सरकार के खिलाफ नाराजगी जगजाहिर हो चुकी है। ऐसे में इस सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। BJP- JJP ने साढ़े 4 साल मिलकर हरियाणा को बर्बाद करने का काम किया है। इस बात को हरियाणा की जनता जानती है और अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली। आगामी चुनावों में प्रदेश की 36 बिरादरी कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने मांग करी कि प्रदेश में विधानसभा को भंग कर तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव करवाए जाएँ।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी जब हरियाणा में देश की सबसे अलोकप्रिय सरकार होने की सर्वे रिपोर्ट आई तो आनन-फानन में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को हटा दिया गया जो प्रदेश सरकार की नाकामी व सरकार के प्रति लोगों में गुस्से का स्पष्ट कबूलनामा है। उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन चुनाव से पहले सिर्फ चेहरे बदलने से बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा कम नहीं होगा। क्योंकि, इससे पहले भी जब 1986 में भजन लाल के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा हो गया था, तब उन्हें हटाकर बंसीलाल को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था। परन्तु अगले आम चुनाव में न केवल मुख्यमंत्री खुद चुनाव हार गए बल्कि विपक्ष को 90 में से 85 सीटों पर जीत मिली थी। ऐसा ही कुछ आने वाले चुनावों में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले तक देश का सबसे सुरक्षित माना जाने वाला राज्य हरियाणा आज अपराधियों की शरणस्थली बन गया है, अपराधी सरेआम अपराध कर के बेख़ौफ़ घूम रहे हैं, यहाँ हर शरीफ आदमी आज भयभीत है और बदमाश दनादन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा लगता है मानो सरकार ने अपराधियों के सामने हथियार डाल दिये हैं। कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय अपराधी हरियाणा छोड़ गये थे। इस बार चुनाव के बाद बनने जा रही कांग्रेस सरकार इतनी कड़ी कानूनी कारवाई करेगी कि अपराधी या तो अपराध छोड़ देंगे या हरियाणा छोड़ देंगे।

# जब देश का श्रमिक खुशहाल होगा, तभी हिन्दुस्तान महान होगा : कुमारी सैलजा

**कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत की स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उतराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जब देश का श्रमिक खुशहाल होगा, तभी हिन्दुस्तान महान होगा। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की है। कांग्रेस का वायदा श्रमिकों के सपनों को पंख देने का वायदा हैं। 400 दिन की गारंटीड मजदूरी, स्वास्थ्य सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की सुरक्षा ये सब उनके जीवन को नई उड़ान देंगे। इस न्यायपूर्ण भविष्य के लिए देश कीह जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की है। उन्होंने कांग्रेस की श्रमिक न्याय के तहत गारंटी के बारे में कहा है कि कांग्रेस स्वास्थ्य अधिकार कानून की गारंटी देती है जो मजदूरों के लिए मुफ्त दवाएं, उपचार, आवश्यक निदान, पुनर्वास और उपशामक देखभाल और सर्जरी सहित सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी श्रम का सम्मान सुनिश्चित करेगी, जिसके तहत मनरेगा श्रमिकों सहित मजदूरों को प्रतिदिन 400 रुपये का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन मिलेगा। कांग्रेस सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, शहरों को जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीला बनाने और सामाजिक सेवाओं में अंतराल को पाटने पर ध्यान देने के साथ एक शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा पारित मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी देती है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की ये पांच गारंटी श्रमिकों के जीवन से जोखिम और असुरक्षा को खत्म कर देगी और श्रमिकों को एक सुरक्षित भविष्य देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारत का निर्माण करने वालों को अधिकार देकर राष्ट्र निर्माण की नींव मजबूत करेगी। आर्थिक रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सुरक्षित श्रमिक उत्पादन में क्रांति लाएंगे और आर्थिक गतिविधियों को तेज करेंगे। मजबूत श्रमिक देश की ताकत बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना की गारंटी देती है। इसके माध्यम से सभी जातियों और समुदायों की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, उनकी हिस्सेदारी राष्ट्रीय संपत्ति और शासन से संबंधित संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का सर्वेक्षण किया जाएगा।

# हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को मिला 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' के कापीराइट का अधिकार

समाचार गेट ब्यूरो

**चण्डीगढ़, 27 मार्च।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक मील का पत्थर स्थापित करते हुए 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' (आस) के लिए कॉपीराइट के अधिकार को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के पास अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के सभी अधिकार है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने में आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता का अहम योगदान रहा है क्योंकि उनके प्रयासों से ही इस कापीराइट को हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि आस के लेखक आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता हैं और अब इसकी आनरशिप हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को सौंप दी गई है। अर्थात अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर से संबंधित कॉपीराइट का अधिकार हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को मिल गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार के माध्यम से विभिन्न सेवाओं (656) को अधिसूचित किया गया है जिसके लिए निश्चित समय निर्धारित है। उन्होंने बताया कि आवेदक को इस समय अवधि के भीतर ही सेवा मुहैया करवाई जाती है। यदि आवेदक को सुनिश्चित समय अवधि में सेवा नहीं मिलती है तो ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑटोमैटिक अपील सृजित हो जाती है। यह अपील पहले प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी (एफजीआरए), फिर द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी (एसजीआरए) और अंत में आयोग के पास चली जाती है।

ऑटो अपील सॉफ्टवेयर देश में पहला ऐसा सॉफ्टवेयर है जिसके कारण शिकायतकर्ता को अपील दर्ज कराने के लिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। ज्ञात रहे कि आस के माध्यम से 27.03.2024 तक कुल 11,70,766 अपील दर्ज को गई है जिनमें से 11,56,595 अपीलों का निपटान भी किया जा चुका है, जिसका अर्थ है कि आस में अपील निपटान दर 98.8% है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने यह सुविधा आस के माध्यम से अपने नागरिकों को प्रदान की है। इसे अन्य राज्य भी अपने यहां पर क्रियान्वित करने का विचार-विमर्श कर रहे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग द्वारा कॉपीराइट लेने हेतु गत वर्ष 2022 में आवेदन किया था जो अब 20 मार्च, 2024 में प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कॉपीराइट एक प्रकार की बौद्धिक संपदा है जो किसी मूल कार्य के निर्माता, या किसी अन्य अधिकार धारक को रचनात्मक कार्य को कॉपी करने, वितरित करने, अनुकूलित करने, प्रदर्शित करने और प्रदर्शन करने का विशेष और कानूनी रूप से सुरक्षित अधिकार देता है। कॉपीराइट का उद्देश्य रचनात्मक कार्य के रूप में किसी विचार की मूल अभिव्यक्ति की रक्षा करना है।




# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अग्रवाल सभा नारनौल का विरोध प्रदर्शन

## उपमंडल अधिकारी नारनौल को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** श्री अग्रवाल सभा नारनौल द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अग्रवाल सभा के प्रधान पी सी गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में लघु सचिवालय नारनौल में विरोध प्रदर्शन करके उप मंडल अधिकारी नागरिक को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपनी नाराजगी दिखाई।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अग्रवाल सभा के उप प्रधान सूरज अग्रवाल, सचिव रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा सह-सचिव कृष्ण कंछल,अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान संदीप नूनीवाला, केशव संघी एडवोकेट, सत्यनारायण गुप्ता, महावीर प्रसाद गर्ग, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, जगमोहन गर्ग, नवीन बंसल, राकेश गर्ग, महेंद्र बंसल, जय प्रकाश चौधरी, राजेश बंसल, संजय जैन, मधुर नूनीवाला, कार्तिक अग्रवाल एडवोकेट शामिल थे।

अग्रवाल सभा के प्रधान पी सी गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि जिस प्रकार से अरविन्द केजरीवाल को राजनैतिक साजिश के तहत केन्द्र सरकार केन्द्रीय एजेंसीयों का दुरूप्रयोग करके गिरफ्तार किया है, ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी पद पर बैठे मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत व तथ्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया हो। उसका अग्रवाल समाज में काफी रोष है तथा इस तरह से सरकार की तानाशाही रवैये के कारण निंदोष लोगों के खिफाल झूठे मुकदमें बनाकर उनको जेल में डाला जा रहा है।

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा की अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री दिल्ली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा असंवैधानिक रूप से एवं गलत तथ्यों के आधार पर शराब नीति की जांच के दौरान बिना किसी सबूत और शरद चंद रेड्डी जो खुद दोषी है ने पहले बयान दिया था कि मैं कभी अरविंद केजरीवाल से ना मिला और ना ही मेरा कोई लेनदेन हुआ, अब उसके झूठे बयान पर अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गलत तरीके से गिरफ्तार करके हिरासत में लिया हुआ है जो निंदनीय है। केशव संघी एडवोकेट ने बताया कि ज्ञापन में राष्ट्रपति महोदया से मांग की गई है कि सही जांच करवा कर निर्दोष मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करवाया जाए।अरविन्द केजरीवाल एक मात्र राष्ट्रीय स्तर के अग्रवाल समाज के सर्वमान्य नेता है। उनके साथ किसी भी तरह के अत्याचार को अग्रवाल समाज बर्दास्त नहीं करेगा।

# जजपा उम्मीदवार राव बहादुर सिंह को घोषित करने पर जिला कार्यालय में बांटी मिठाई



**जजपा जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांट मनाई खुशी**

**मंडी अटेली में टिल्लू सरपंच ने भी बाटे लड्डू**

समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इसकी शुरूआत बुधवार को कर दी गई है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इस घोषणा के बाद जजपा कार्यकर्ता बुधवार सिंघाना रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय में एकत्रित हुए और मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

इस संबंध में जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में हरियाणा के सभी 10 सीटों पर पार्टी लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। हमारी लोकसभा में राव बहादुर सिंह मजबूत उम्मीदवार है। इन्हें टिकट देकर पार्टी ने जीत की राह ओर आसान कर दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। हर घर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिला की जिम्मेवारी होने के नाते पूरी रणनीति रायशुमारी से मनाई जाएगी और पार्टी आलाकमान की अगुवाई में उसे पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जजपा उम्मीदवार को लोकसभा में भेजकर जजपा नेता दुष्यंत चौटाला के हाथ मजबूत करें। इस मौके पर जजपा के प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, अशोक सैनी, डीएन यादव, सुरेंद्र पटीकरा, वार्ड पार्षद संदीप भांखर, रामकुमार मकसूसपुर, धर्मबीर यादव, रोहताश रावत, विरेंद्र घाटासेर, नवीन राव, विष्णु सरपंच, माडूराम, राजकुमार जांगड़ा, हरिओम मेई, होशियार सिंह लखेरा, सुरेश कुमार, रमेश वर्मा, विकास फौजदार, राजेंद्र यादव, सुनील गोयल, जतिन मित्तल, विक्की, बजरंग गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उधर मंडी अटेली में राव बहादुर सिंह को जेजेपी की टिकट मिलने पर टिल्लू सरपंच ने अपने कार्यालय पर लडडू बांटकर सैकड़ो लोगों सहित खुशी जाहिर की। इस मौके पर मुकेश एडवोकेट , महाबीर फतनी, लवली राव, गुरूदत तिगरा , युवा नेता विशाल बाल्मिकी , याद राम, अनिल पंच काटी, मनदीप यादव व पवन अग्रवाल भी हाजिर रहे।

# ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी आज हमारे बीच से जा रही हैं, परंतु वो जाते हुए अपने पैरों के निशान छोड़ रही हैं जिन पर चलकर जीवन को सार्थक किया जा सकता है : अनिल विज

**ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी जैसी महान विभूतियां प्रभु की कृपा से ही इस धरती पर आती हैं, उनका एक-एक शब्द मोती की तरह - अनिल विज**

**पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी के अंतिम संस्कार में पहुंच उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी से विधायक श्री अनिल विज ने कहा कि हजारों लोगों के जीवन में ज्ञान ज्योति जागृत करने वाली ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी आज हमारे बीच से जा रही हैं, परंतु वो जाते हुए अपने पैरों के निशान छोड़ती जा रही हैं। इन निशानों पर चलकर अपने जीवन को सार्थक किया जा सकता है।

श्री विज आज अंबाला में रामबाग शमशानघाट में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी के अंतिम संस्कार के दौरान भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, उन्होंने कृष्णा बहन जी के पार्थिव शरीर पर अपने भाई राजिंद्र विज के साथ पुष्पचक्र अर्पित हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी जैसी महान विभूतियां प्रभु कृपा से ही इस धरती पर आती हैं और ज्ञान का दान देना, यह ईश्वर का जिसपर आदेश होता है वहीं दे पाता है। आम आदमी तो अर्थ का अनर्थ कर देता है मगर जिस पर ईश्वर की कृपा है उसका एक-एक शब्द मोती बनकर सुनने वालों के जहन में उतर जाता है। एक ज्ञान का मोती भी किसी की सारी जिंदगी का रास्ता बदलता है एवं उसे सार्थक करता है। जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उसे अग्रसर करता है। जीवन के अनेक कार्यों में मनुष्य जीवन इसलिए मिलता है कि इस आवागमन के चक्र से मुक्ति हो जाए। मोक्ष मिल जाना भी इस धरती पर मनुष्य के रूप में जन्म लेने का एक साधन है।

**बहन कृष्णा जी की वाणी हिमालय की हवाओं की तरह मन में ठंडक पहुंचाती थी - विज**

पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनकी माता जी भी कृष्णा बहन जी के पास आते थे और उन्हें अनेकों बार उन्हें सुनने का अवसर मिला। उनकी वाणी हिमालय की ठंडी हवाओं की तरह थी जो तन और मन में ठंडक उत्पन्न करती थी और उत्तेजित मन को शांत कर देती थी। मैं अपनी और शहर का विधायक होते हुए अम्बाला छावनी के सभी नागरिकों की तरफ से अपने श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। वहीं, ब्रह्माकुमारी कृष्णा बहन जी की अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में शहर वासियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।